वरिष्ठ आचार्य एवं विभागाध्यक्ष शिशु औषध विभाग
चिकित्सा महाविद्यालय एवं संलग्न चिकित्सालय समूह कोटा

(J.K Lon Mother & Child Hospital,Nayapura,Kota-324001.Ph:0744-2320733,Email:- jklonpediatrics@gmail.com*pediamck@gmail.com)

क्रमांक संख्याः—एफ.19() शिशु/एन.एम.सी.एच/जे0के0लोन / 1016 - दिनांकः— 12/11/2020

श्रीमान् अधीक्षक महोदय,
जे0 के0 लोन मातृ एवं शिशु चिकित्सालय, कोटा।

विषयः—सम्पर्क पोर्टल की शिकायत सं.10200538833569 का निराकरण बाबत्।
संदर्भः— श्रीमान् अधीक्षक कार्यालय पत्र कमाकं/2020/5956 दिनाकं/ 11.11.2020

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं संदर्भित पत्र के कम लेख है कि जे के लॉन चिकित्सालय मे वर्तमान में 24 स्वीकृत वार्मर बैड है, परन्तु वस्तुस्थिति मे एसएनसीयू 1, एसएनसीयू 2, एंव एनएनडब्लू मे कुल 42 वार्मर बैड लगे हुए है। जे के लॉन अस्पताल मे एनआईसीयू मे बैड आक्यूपैन्सी 150 प्रतिशत से ज्यादा ही रहती है, चूकि विभाग मे उपलब्ध संसाधनो का सम्पूर्ण सदउपयोग कर बेहतर से बेहतर उपचार दिया जाता है। विभाग, चिकित्सालय एवं संस्थान द्वारा, प्रदत्त उपचार एव सेवाओं की गुणवत्ता की वजह से ही कोटा,बून्दी,झालावाड,बॉरा, मध्यप्रदेश . अन्य स्थानों व निजी चिकित्सालयों, स्थानों के रोगी यहॉ उपचार हेतु आते है।

राज्य सरकार द्वारा संचालित यह चिकित्सालय संभागीय स्तर का सबसे बडा चिकित्सालय है एवं यहॉ आने वाले मरीजों को उपचार दिये जाने से मना नही किया जा सकता। जे के लॉन अस्पताल मेडिकल कॉलेज स्तर का चिकित्सालय है जहॉ से सामान्यत मरीजों को आगें रैफर नही किया जाता है।

वर्तमान में एनएमसीएच कोटा को डेडिकेटेड कोविड चिकित्सालय मे परिवर्तित करने के कारण वहॉ पर संचालित 12 बैड एसएनसीयू बन्द होने के कारण वहॉ के सभी नवजात भी जे के लॉन के भर्ती हो रहे है। शिशु रोग विभाग में 18 वर्ष से कम जनसंख्या (45%) तक के मरीज भर्ती होते है जबकि उपलब्ध बैड 10 से 15 प्रतिशत ही है।

जे के लॉन चिकित्त्सालय मे 12 बैड का एक नया एनआईसीयू बन कर तैयार है जो स्टाफ उपलब्ध होते ही शुरू कर दिया जाएगा, साथ ही 156 बैड का एक नया, शिशु रोग इनडोर चिकित्सालय निर्माणाधीन है। जिसमें 36 बैड नवजात शिशु इकाई के बनने है, जिसके बाद उपरोक्त समस्या का समाधान होना अपेक्षित है।

उपरोक्त संदर्भ में ही यह उल्लेखित करना आवश्यक है कि राजस्थान पत्रिका मे प्रकाशित सामाचार दिनांक 24.09.2020 मे एक वार्मर पर दो नवजात के सम्बन्ध मे रिर्पोट शिशु कार्यालय के पत्र कमांक 878 दिनांक 03.10.2020 एवं पत्र कमांक 894 दिनांक 05.10.2020 के माध्यम से आपको पूर्व मे भी प्रेषित की जा चुकी है।

डॉ गोपी किशन शर्मा
सहायक आचार्य

प्रतिलिपीः–

1. श्रीमान् प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक महोदय, मेडिकल कॉलेज, कोटा ।
2. कार्यालय प्रति

(डॉ0 ए .एल. बैरवा)
वरिष्ठ आचार्य एवं विभागाध्यक्ष

D. No. 2482 | 12-11-20

श्रीमान प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक
चिकित्सा महाविद्यालय, कोटा

मूल ही भेजकर लेख है कि संपर्क पोर्टल पर उक्त परिवाद के संबंध में संबंधित विभाग से प्राप्त पत्र संलग्न कर सूचना एवं अन्तिम कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

नोडल अधिकारी
राजस्थान संपर्क पोर्टल
जे. के. लोन चिकित्सालय, कोटा